# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

फा.क./1026/उद्यान/2023 | सिस्टम निविदा क्र.148921 | कोरबा दिनांक 03.10.2023

## निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शासकीय अर्द्धशासकीय विभागों में कार्यरत व्यवसाय से संबंधित अधिकृत विक्रेता/कंपनी/प्रदायकर्ताओं से (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) शेड्यूल अनुसार आयटम दरों पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि रू. में | धरोहर राशि रू. मे | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्ड/स्थानों में ओपन जिम सामग्री प्रदाय एवं स्थापना कार्य। | 22.00 लाख | 16500.00 | 750/- | फार्म बी | 03 माह | 26.10.2023 से ...... |

शर्ते :-

1. निविदाकार द्वारा वैध ट्रेड लाइसेंस (गुमास्ता लाइसेंस) का होना अनिवार्य है।
2. निविदाकार द्वारा आपूर्ति किये जाने वाले सामग्री के निर्माता कंपनी द्वारा अधिकृत विक्रेता/डीलरशीप प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. निविदाकार द्वारा जिस निर्माता कंपनी के आयटम प्रदान करने हेतु दर प्रस्तुत की जा रही है, उन्हें उस कंपनी का आई.एस.ओ. सर्टिफिकेट संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार इस निविदा के लिए अपात्र होगा।
4. निविदाकार आपूर्ति किये जाने वाले प्रत्येक जिम सामग्रियों की कंपनी का आयटम कैटलॉग जिसमें उस सामग्री की समस्त तकनीकी जानकारी स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट हो प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
5. निविदाकार को आपूर्ति किये जाने वाली सामग्री से संबंधित यथा निविदा आमंत्रण पत्र के कंडिका क्रमांक क्रमशः 1, 2 एवं 3 में उल्लेख अनुसार समानता होना अनिवार्य है अर्थात आपूर्ति किये जाने वाले सामग्री के निर्माणकर्ता/कंपनी/फर्म द्वारा जारी अधिकृत विक्रेता/डीलरशीप प्रमाण पत्र, आयटम कैटलॉग एवं आई.एस.ओ. प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो एक ही कंपनी का हो।
6. निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा, आई.टी.आई. कालोनी रामपुर कोसाबाड़ी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन नं.-495677 के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3.00 बजे के पश्चात प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
7. निविदा नगर पालिक निगम कोरबा के वेबसाइट www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र Form-A/B/C (जारी दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) निर्धारित शुल्क की डीडी के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजाना होगा।
8. इच्छुक ठेकेदारों का पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, विगत 3 वर्षों का आयकर चुकता प्रमाण पत्र/पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अमानत राशि के FDR/TDR की प्रति ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा, निविदा प्रतिभागी शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि FDR/TDR, शपथपत्र का स्केन कापी ऑन लाईन सिस्टम पर अपलोड करना अनिवार्य होगा ।
   - अमानत राशि का वैध **FDR/TDR**, निविदा प्रतिभागी शुल्क का **DD** एवं शपथ पत्र की मूल प्रति लिफाफा में कार्य का नाम एवं अन्य विवरण अंकित कर केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से निविदा खुलने की तिथि में दोपहर 3.00 बजे तक आयुक्त,नगर पालिक निगम,कोरबा साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक रामपुर कोसाबाड़ी पिन- 495677 कोरबा को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
   - निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का विवरण राशि सहित मूलप्रति में वैध शपथपत्र (राशि रू. 100/- नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प) निविदा आमंत्रण दिनांक के पश्चात का, निविदा क्रमांक एवं कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।
   - अमानत राशि का **FDR/TDR** एवं निविदा प्रतिभागी शुल्क का **DD** जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम,कोरबा के नाम पर देय हो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

8. निविदा हेतु इच्छुक ठेकेदारों को तकनीकी दस्तावेज यथा पिछले 03 वित्तीय वर्ष का आय चुकता प्रमाण पत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन साथ ही विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी), अनुभव प्रमाण पत्र हस्ताक्षरयुक्त एवं निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका क्र. 07 के लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

9. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) कोरबा के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हें निविदा भरने की पात्रता नहीं होगी। उपरोक्ताशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

10. निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व स्थल का स्वयं निरीक्षण कर लेवें ताकि प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

11. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएं स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।

12. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर संबंधी लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

13. निविदाकारों को निविदा प्रपत्र भरने हेतु अधिकृत विक्रेता/फर्मो/प्रदायकताओं का डीलरशीप/आयटम एवं जिम सामग्री संबंधित अनुभव पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा भरने की पात्रता नहीं होगी।

14. निविदाकार का स्थानीय सर्विस सेंटर सह जी.एस.टी. नंबर होना चाहिए।

15. शासन के विभिन्न विभागो जैसे :– खनिज विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि विभागों द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के पालन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।

16. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोडता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

17. कार्य प्रारंभ नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध तत्समय में एम.आई.सी. द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अधीन कार्यवाही की जावेगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।

18. संपूर्ण किये गये कार्यो के लिए 5 प्रतिशत सुरक्षा राशि रनिंग देयकों के साथ 01 वर्ष हेतु साथ ही 05 प्रतिशत पृथक से 03 वर्ष की गारंटी के लिए परफार्मेस सिक्यूरिटी के रूप में रोकी जावेगी।

19. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

20. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में आयुक्त के द्वारा अधिकृत/अधीनस्थ अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

21. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित होगा।

22. निविदा खुलने की तिथि में शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में आगामी तिथि को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।

कार्यपालन अभियंता<br>
नगर पालिक निगम<br>
कोरबा (छ.ग.)

प्रतिलिपि :– प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नया रायपुर (छ.ग.) को uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

## Date-Time Detail(s)

| Seq. No. | Nagar Nigam Stage | Contractor Stage | Start | | Expiry | | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Date | Time | Date | Time | |
| 1 | Release Tender | | 03.10.2023 | 17.00 | 03.10.2023 | 17.00 | Release Tender |
| 2 | | Bid Submission | 03.10.2023 | 17.00 | 25.10.2023 | 17.30 | |
| 3 | | Physical Document Submmission | 03.10.2023 | 17.00 | 25.10.2023 | 15.00 | |
| 4 | Tender Open | | 26.10.2023 | 16.00 | -- | -- | |

EXECUTIVE ENGINEER
KORBA (CG)
For, Commissioner Korba (C.G.)

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA (C.G.)

विषय :- नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्ड/स्थानों में ओपन जिम सामग्री का प्रदाय एवं स्थापना कार्य।

| S.No. | Item description | Unit | QTY | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Bench With Fixed Weight**<br>Specifications :-<br>Material - G.I. Pipe/ B-Class, Power coting<br>Size - 6.0 x 6.0 x 5.0 feet<br>Warranty for Periods - 3 years | No. | 4 | | |
| 2 | **Surfing Board**<br>Specifications :-<br>Material - G.I. Pipe/ B-Class, Power coting<br>Size - 1.5 feet x 1.5 feet<br>Warranty for Periods - 3 years | No. | 4 | | |
| 3 | **SSI Air Walkar Double**<br>Specifications :-<br>Material - G.I. Pipe/ B-Class, Power coting<br>Size - 7.5 x 1.5 x 5.5 Ft<br>Warranty for Periods - 3 years | No. | 4 | | |
| 4 | **ABS Board DUO**<br>Specifications :-<br>Material - G.I. Pipe/ B-Class, Power coting<br>Size - 6.0 x 6.0 x 3.0 feet<br>Warranty for Periods - 3 years | No. | 4 | | |
| 5 | **TAI CHI Spinner Duo**<br>Specifications :-<br>Material - G.I. Pipe/ B-Class, Power coting<br>Size - 2.0 x 3.0 x 5.0 feet<br>Warranty for Periods - 3 years | No. | 4 | | |
| 6 | **Tripple Twister**<br>Specifications :-<br>Material - G.I. Pipe/ B-Class, Power coting<br>Size - 4.0 x 4.0 x 5.0 feet<br>Warranty for Periods - 3 years | No. | 4 | | |
| 7 | **Two Swing**<br>Specifications :-<br>Slide Pipe - 35 mm<br>Upper Pipe - 50 mm<br>Chain - 3 mm<br>Warranty for Periods - 3 years | No. | 4 | | |

| | Item description | Unit | QTY | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | **Fibre Kids Slider**<br>Specifications :-<br>Slide - Fiber<br>Stairs - 35mm<br>Height - 3 Feet | No. | 4 | | |
| | **TOTAL** | | | | |

Sub Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)

Asst. Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)

Executive Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)